लॉरेंस-रोहित गैंग के चार डिलीवरी बॉय हथियारों के साथ गिरफ्तार

हत्या की फिराक में घूम रहे इन बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने देशी कट्टा, मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए

- इन्हीं बदमाशों ने जयपुर के ब्रह्मपुरी में रहने वाले व्यापारी की जानकारी रोहित गोदारा तक पहुंचाई थी, जिसके बाद रोहित ने दो व्यापारियों को धमकाकर रंगदारी मांगी थी।
- पुलिस ने बदमाशों के फोन की तलाशी ली तो पता चला कि लॉरेंस गैंग का गुर्गा भटिंडा जेल में बंद रहकर इन्हें मध्यप्रदेश से हथियार लाने और जयपुर में सप्लाई के बारे में जानकारी दे रहा था। इन बदमाशों के मोबाइल पर यू.एस. से भी कुछ कॉल आने की जानकारी सामने आई हैं।

जयपुर में संजय सर्किल थाना पुलिस ने लॉरेंस विश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के चार डिलीवरी बॉय को अवैध देशी हथियारों के साथ गिरफ्तार किया हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। संजय सर्किल थाना पुलिस ने लॉरेंस विश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के चार डिलीवरी बॉय को अवैध देशी हथियारों के साथ गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा,एक मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गैंग में जुड़ने के लिए चारों आरोपित पिछले कुछ समय से गैंग के लिए डिलीवरी का काम किया करते हैं। साथ ही सामने आया है कि गिरफ्तार बदमाशों ने जयपुर के ब्रह्मपुरी में रहने वाले व्यापारी की जानकारी रोहित गौदारा तक पहुंचाई थी। जिसके बाद रोहित गोदारा ने दो व्यापारियों को धमकी देकर रंगदारी मांगी थी।

गिरफ्तार चारों बदमाशों के फोन कॉल की जांच में सामने आया है कि लॉरेंस गैंग का गुर्गा भटिंडा जेल में बंद इन चारों बदमाशों को हथियार मध्यप्रदेश से लाने और जयपुर में कहां पर सप्लाई करना है, की जानकारी देता था। इन के मोबाइल पर यूएस से भी कुछ कॉल आने की जानकारी सामने आई हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि संजय सर्किल थाना पुलिस कार्रवाई करते हुए लॉरेंस गैंग से जुडे हुए योगेश सैनी(28) निवासी सरोज सिनेमा के सामने संजय सर्किल, मोहम्मद अकील मँसुरी(31) निवासी भोपजी का डेरा संजय सर्किल, हरेन्द्र विश्नोई उर्फ राकेश (20) निवासी मकराना जिला डीडवाना-कुचामन हाल मालवीय नगर को गिरफ्तार कर इनके पास से एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, एक मैगजीन व पांच कारतूस बरामद किये।

पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ में सामने आया है कि वह लॉरेंश बिश्नोई गैंग के लिये काम करते हैं, उनके ही कहने पर किसी की हत्या करने के लिए हथियार लेकर आये थे। जिसकी हत्या की जानी है उसका नाम-पता व लोकेशन लॉरेंस ग्रुप के सदस्यों द्वारा दिया जाना था।

हत्या करने के बाद हम लोगों को गैंग की तरफ से पैसा मिलने वाला था। लॉरेन्स की गैंग वालों ने इंस्टाग्राम पर ग्रुप बना रखा है। पकड़े गए बदमाशों ने इस ग्रुप को फॉलो कर रखा हैं। हम लोग लॉरेंस बिश्नोई व उसकी गैंग के अन्य लोगों से सम्पर्क में आये थे। गिरफ्तार आरोपियों का लॉरेंस व रोहित गोदारा से सम्पर्क होने के कारण इन से गहन पूछताछ की गई तो पता चला कि दीपक सैनी निवासी बरवाला जिला हिसार हरियाणा के मार्फत पंजाब की जेल में बंद कैदी तथा रोहित गोदारा से सोशल मीडिया पर लगातार बातचीत होती रहती है।

रोहित गोदारा तथा लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल लगातार सोशल मीडिया पर भोले भाले लड़कों को जोड़कर उनका ब्रेनवॉश कर अपनी गैंग में शामिल करते हैं तथा पैसे वाले व्यापारियों के बारे में मालूम करके उनके मोबाइल नंबर प्राप्त कर उनको विदेश में बैठ कर रोहित गोदारा सोशल मीडिया व वॉट्सऐप के माध्यम से धमका कर फिरौती की रकम मांगता हैं। नहीं देने पर अपनी गैंग के अन्य सदस्यों द्वारा उनको डराने के लिए गोलियां चलवा देता हैं। ये चारों बदमाश लॉरेंस और रोहित गोदारा के लिए पिछले कई समय से डिलीवरी बॉय का काम किया करते थे। यह चारों बड़े व्यापारियों के नम्बर गैंग तक पहुंचाया भी करते थे। इन के द्वारा दिए गए नंबरों के बाद ब्रह्मपुरी में दो व्यापारियों को धमकी भरे कॉल भी आये थे।

मेनका गांधी ने जयपुर फुट की निर्माण विधि देखी

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता मेनका गाँधी ने भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति में विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माण विधि देखी।

जयपुर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता मेनका गाँधी ने भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) में विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माण विधि देखी।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गाँधी का बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता, सचिव भूपेन्द्र राज मेहता तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एस. बिस्सा ने स्वागत किया । उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और अन्य उपकरण नि:शुल्क दिए जाते हैं। मेनका गाँधी ने देश के विभिन्न प्रान्तों से आए दिव्यांग जिसमें डेढ़ वर्ष का एक बच्चा भी शामिल था से बातचीत की और जयपुर फुट की गुणवत्ता के बारे में दिव्यांगों से जानकारी हांसिल की।

मेनका गाँधी ने जयपुर फुट पर एक प्रस्तुति भी देखी और बी.एम.वी.एस.एस. द्वारा दिव्यांगों के कल्याण और उनके पुर्नवास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

देवनानी आज संविधान दीर्घा का लोकार्पण करेंगे

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मंगलवार को विधान सभा में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह में राजनैतिक आख्यान संग्रहालय में "संविधान दीर्घा" का लोकार्पण करेंगे। विधानसभा के डिजिटल म्यूजियम में एक नवीन दीर्घा बनाई गई है। इस संविधान दीर्घा में मूल संविधान के 22 भागों के आरम्भ में दर्शायी गयी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जायेगा।

देवनानी ने बताया कि संविधान दीर्घा का उद्देश्य आमजन और युवाओं में राष्ट्र और राष्ट्र के संविधान का बोध कराने के साथ ही संविधान और सांस्कृतिक नैतिकता के प्रति जागरुकता लाना है। इस मौके पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, अतिरिक्त महाधिवक्ता बंसत छाबा, वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. माथुर सहित अधिवक्तागण, विधि महाविद्यालय के विद्यार्थी और राजस्थान विधान सभा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

विधान सभा अध्यक्ष ने बताया कि राजस्थान विधान सभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय में बनाई गई संविधान दीर्घा भारत और भारत के संविधान का बोध करायेंगी। उन्होंने बताया कि मूल संविधान में भारतीय सभ्यता, संस्कृति, इतिहास और विरासत के चित्रण का कार्य नन्द लाल बोस द्वारा किया गया था। मूल संविधान के बाईस भागों के आरम्भ में प्रदर्शित कला-कृतियां युगधर्म का दिग्दर्शन कराती है। मूल संविधान में रामायण से श्री राम व माता सीता और लक्ष्मण के वनवास से घर आने के दृश्य और श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को कुरुक्षेत्र में दिये गये गीता के उपदेशों के दृश्यों को भी दर्शाया गया है।

देवनानी ने बताया कि मूल संविधान में दर्शाये गये महात्मा बुद्ध, भगवान महावीर के जीवन से संबंधित और सम्राट अशोक व विक्रमादित्य के चित्रों को भी दीर्घा में दर्शाया गया है। छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविन्द सिंह और रानी लक्ष्मी बाई के चित्रों को भी मूल संविधान से लिया गया है। महात्मा गांधी के दाण्डी मार्च में दर्शाये गये स्वतंत्रता संग्राम के दृश्य को भी दीर्घा में लगाया गया है। मूल संविधान में उल्लेखित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा भारत माता को आजाद कराने के चित्रों को भी दीर्घा में समावेश किया गया है।

देवनानी ने बताया कि संविधान सभा के महत्वपूर्ण तथ्य राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान पर निर्णय, संविधान के हिंदी संस्करण का प्रमाणीकरण और संविधान सभा में राजस्थान की भागीदारी के चित्र, दीर्घा में आमजन को देखने के लिये प्रदर्शित किये जा रहे है।

दुपहिया वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

जयपुर। भट्टा बस्ती थाना दुपहिया वाहन चुराने वाले एक वाहन चोर को गिरफतार किया है और उसके पास से चुराई गई एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित पुलिस से बचने के लिए तेज स्पीड से मोटरसाइकिल भगाई तो खुद ही स्लिप होकर सड़क पर गिर गया है। जिससे उसके पैरों के दोनों घुटनों व हाथ पर चोट(फ्रैक्चर) आया है। पुलिस उपायुक्त नॉर्थ राशि डोगरा डूडी ने बताया कि भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी रणवीर सिंह उर्फ मोनू निवासी शास्त्रीनगर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित का पीछा करने और पुलिस से बचने के लिए तेज स्पीड से मोटरसाइकिल भगाई।

देवनानी ने चन्द्रशेखर को ढांढस बंधाया

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के बांदा में पहुंच कर चन्द्रशेखर की माता जयंती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी।

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के बांदा में पहुंच कर चन्द्रशेखर की माता जयंती देवी के निधन पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने स्वर्गीया देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। देवनानी ने चन्द्रशेखर सहित परिजनों को ढांढस बंधाया।

देवनानी ने कहा कि मानव जीवन की यात्रा में सबसे अधिक योगदान मां का होता है। उन्होंने कहा कि जीवन को बेहतर बनाने, मूल्यौ, आंकाक्षाओं और चरित्र को आकार देने में माँ का मार्ग-दर्शन होता है। जीवन की चुनौतियों का मुकाबला करने और जिम्मेदारियों को सजग्ता से पूरा करने के लिए प्रोत्साहन और आत्म-बल माँ से मिलता है।

देवनानी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये और शोक संतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की।

उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष और सदस्यों के लिए पहली बार होगी लिखित परीक्षा

जयपुर। उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि उपभोक्ता संरक्षण के साथ कंज्यूमर केयर की अवधारणा को मूर्त्त रूप दिये जाने के क्रम में राज्य में उपभोक्ता विषयक विभिन्न नवाचारों के साथ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत उपभोक्ता आयोगों मं` होने वाली भर्तियों में पहली बार लिखित परीक्षा का प्रावधान किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद चयनित अध्यक्ष और सदस्य के विषयविज्ञ-दक्ष होने के साथ न्यायिक प्रक्रिया एवं कार्यात्मक क्षमता में न केवल अपेक्षाकृत वृद्धि होगी बल्कि समयबद्ध न्याय सुलभ होगा और उपभोक्ता आन्दोलन सुदृढ़ होगा।

अनियंत्रित स्कूटी के साथ खाई में गिरा युवक

- पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम ने रेस्क्यू कर युवक को बाहर निकाला

जयपुर। ब्रह्मपुरी थाना इलाके में स्थित नाहरगढ़ पहाड़ी पर सोमवार शाम अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित युवक खाई में जा गिरा। सूचना मिलने पर पुलिस सहित सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन किया। जहां सौ फीट गहराई में गिरकर घायल हुए युवक को सिविल डिफेंस टीम ने रस्सी की मदद से बाहर निकाला। पुलिस ने एसएमएस अस्पताल में घायल युवक को भर्ती करवाया है।

थानाधिकारी ईश्वर चन्द ने बताया कि नाहरगढ़ पहाड़ी पर सोमवार शाम अनियंत्रित हो गिरे घायल युवक जय सिंघल (26) सिद्धार्थ नगर जवाहर सर्किल का रहने वाला है। वह सोमवार को वह स्कूटी से नाहरगढ़ पहाड़ी पर घूमने गया था। सोमवार शाम साढे चार पहाडी से स्कूटी लेकर नीचे उतर रहा था। इसी दौरान घुमाव पर किसी गाड़ी के आने पर अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित पहाड़ी से नीचे खाई में जा गिरा। करीब 100 फीट गहरी खाई में स्कूटी सहित जय सिंघल नीचे पत्थरों पर जा गिरा। सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम को मौके पर बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। करीब एक घंटे मशक्कत के बाद सिविल डिफेंस टीम ने रस्सी की मदद से खाई से बाहर निकाला। घायल जय सिंघल को एम्बुलेंस की मदद से एसएमएस अस्पताल भिजवाया गया। डॉक्टर घायल जय सिंघल को भर्ती कर इलाज कर रहे है।

राजस्थान विश्वविद्यालय में आनंदम दिवस मनाया

राजस्थान विश्वविद्यालय में आनंदम समिति एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में मानविकी सभागार में सोमवार को आनंदम दिवस के अवसर पर कुलपति डॉ.अल्पना कटेजा ने संबोधित किया।

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय में आनंदम दिवस आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आनंदम समिति एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में मानविकी सभागार में आज आयोजित किया गया। आनंदम दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, करूणा, मैत्री, सृजनम एवं अनुकंपा भाव विकसित करना और दूसरों के लिये जीना सिखाना है।

आनंदम दिवस का प्रारंभ आनंदम समिति संयोजक प्रो.नीलिमा गुप्ता द्वारा आनंदम कार्यक्रम के परिचय से कराया। इसके बाद आईक्यूएसी संयोजक प्रो.रश्मि जैन ने बताया कि आनंदम विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट गतिविधि है। जिसका दायरा बढ़ा कर हमें समुदाय के बीच में जाना होगा। जिससे विद्यार्थियों का ना केवल स्व विकास होगा अपितु परपीड़ा को समझने की क्षमताओं में वृद्धि होने से एक संवेदनशील व्यक्तित्व के निर्माण से सुंदर समाज का निर्माण होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा की गई। उन्होंने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय अपनी शैक्षिक गुणवत्ता के लिये पूरे देशभर में जाना जाने वाला एक प्रतिष्ठित संस्थान है। जो ना केवल शैक्षिक गुणवत्ता के लि ये प्रतिबद्ध है अपितु विद्यार्थियों को समाज का प्रकार्यकारी सदस्य बनाने की दिशा में भी कार्यरत है।

कार्यक्रम के अंत में प्रो.नीलिमा गुप्ता द्वारा आनंदम की कार्ययोजना को स्पष्ट करते हुए 16 गतिविधियों के बारे में बताया जिनमें कच्ची बस्तियों में शिक्षा कार्य, अस्पताल में सहायता कार्य, वृद्ध सेवा कार्य, तकनीक का सही प्रयोग, पर्यावरण संरक्षण, जागरूकता कार्यक्रम, व्यसन मुक्ति, संपोषणीय विकास, योग, मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण, ऊर्जा एवं पानी संरक्षण आदि। इन गतिविधियों के माध्यम से राजस्थान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी समुदाय में जाकर समुदाय के लिये कार्य करेंगे। कार्यक्रम में लगभग 500 विद्यार्थी एवं अनेक शिक्षक सम्मिलित हुए।

कृषि विद्युत कनेक्शन के अनाधिकृत बढ़े हुए भार बिना पेनल्टी के होंगे नियमित

जयपुर । कृषि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में वृद्धि और कृषि उपभोक्ताओं को सुविधा के लिए स्वैच्छिक भार वृद्धि घोषणा योजना लागू की हुई है। योजना के तहत् कृषि कनेक्शन के अनाधिकृत बढे हुए भार को बिना किसी पेनल्टी के मात्र धरोहर राशि जमा करवाकर नियमित कर दिया जाएगा। योजना 31 दिसम्बर, 2024 तक प्रभावी रहेगी।

डिस्कॉम चेयरमैन व जयपुर डिस्कॉम की प्रबन्ध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने बताया कि जिन कृषि उपभोक्ताओं ने कनेक्शन लेने के बाद किसी भी कारण से स्वीकृत भार से अधिक क्षमता की मोटर लगाकर अनाधिकृत रूप से अपने विद्युत भार को बढा लिया है, ऐसे कृषि उपभोक्ता इस योजना के तहत अपने बढे हुए भार को मात्र 60 रू प्रति एचपी की दर से धरोहर राशि जमा करवाकर नियमित करवा सकते है। ऐसे उपभोक्ताओं से कोई भी पैनल्टी राशि नही ली जाएगी।

किसानों को फसल की सिंचाई के लिए पूरी और अच्छी गुणवत्ता की बिजली मिलने के साथ ही फसल को पानी देते समय ट्रांसफॉर्मर जलने की समस्या से निजात मिलेगी। वहीं दूसरी ओर अनाधिकृत बढे हुए विद्युत भार के नियमित होने से डिस्कॉम द्वारा उचित क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाकर किसानों को बिना व्यवधान के बिजली आपूर्ति में मदद मिलेगी।

यह योजना 31 दिसम्बर, 2023 तक जारी कृषि कनेक्शनों पर लागू होगी। ऐसे कृषक जो उसी कुएं पर दूसरी मोटर लगाकर भार वृद्धि करते हैं अथवा दूसरे कुएं पर जो उसी खसरा/खेत/परिसर/मुरब्बा में हो, दूसरी मोटर चालाने के लिए भार बढाते हैं।

छह माह होगा ट्रेफिक डायवर्जन

जयपुर। टोंक रोड के क्षेत्र को मानसरोवर को जोडने वाली महारानी फार्म पुलिया पर ट्रेफिक आवागमन सुरक्षित एवं सुचारू रखने के लिए जेडीए द्वारा नवीन पुलिया का निर्माण किया जाएगा। इसके लिये 27 नवम्बर से 6 माह तक आवागमन निषेध रहेगा। दुर्गापुरा की ओर से जाने वाले वाहनों के लिये वैकल्पिक रास्ता रिद्धी-सिद्धी या बी-2 बाईपास से द्रव्यवती नदी पार कर शिप्रा पथ की ओर जा सकेंगे। शिप्रापथ से दुर्गापुरा के वाहन रिद्धी-सिद्धी व बी-2 बाईपास से जा सकेंगे।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

लोक सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: जविप्रा/जोन-12/2024/डी-6002 दिनांक : 23.11.2024
श्रीमती ललिता शर्मा, सचिव, श्रीराम शिक्षा संस्थान, 472, कठेवा नगर, गुजर की थड़ी, जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिभृति अधिकारों के निर्धारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, अर्थात् :-

जिले सहित तहसील/ ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्रफल (हैक्ट.)
ग्राम ज्योतिपुरा बासड़ी तहसील मौजमाबाद	57	0.62

उक्त खसरा नम्बर के 90% के आदेश मामला सं. 102 वर्ष 2013 द्वारा दिनांक 18.02.2013 को पारित किये गये थे, जिसको आवेदिका द्वारा निरस्त कर पुन: खातेदारी में दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: उक्त जारी सार्वजनिक सूचना के विरूद्ध किसी भी व्यक्ति/ हितधारी/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में जोन-12 कार्यालय में दर्ज करवावे, अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ....को जारी की गयी। उपायुक्त जोन - 12

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-4865 दिनांक-25/11/24
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना मे आवास संख्या 85/671 (LIG), का आवंटन श्री धिनय चन्द जैन पुत्र श्री सुलाब चन्द जैन को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2000 दिनांक 20.10.2000 के द्वारा जारी किया गया था। श्री धिनय चन्द जैन द्वारा श्री हीरालाल चेटवानी पुत्र श्री कुशाब चेटवानी को दिनांक 07.05.2013 को मुखत्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री हीरालाल चेटवानी द्वारा मुखत्यारआम की हैसियत से पंजीयन पश्चात् उक्त आवास का विक्रय कर श्रीमती लीला शर्मा पत्नी श्री कृष्ण कुमार शर्मा को दिनांक 17.07.2013 विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर मे पंजीकृत करवाया गया था। श्रीमती लीला शर्मा द्वारा उक्त आवास को श्री संजय गौतम पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद को विक्रय कर इनके पक्ष मे विक्रय पत्र दिनांक 19.08.2013 को पंजीयक सांगानेर प्रथम जयपुर मे पंजीकृत करवाया गया। श्री संजय गौतम द्वारा उक्त आवास को श्री सत्यन लाल शर्मा पुत्र श्री रामसहाय शर्मा को विक्रय कर इनके पक्ष मे विक्रय पत्र दिनांक 07.10.2024 को पंजीयक सांगानेर प्रथम जयपुर मे पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री सत्यन लाल शर्मा पुत्र श्री रामसहाय शर्मा द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/व्यवसाय को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए श्री मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री सत्यन लाल शर्मा पुत्र श्री रामसहाय शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल जयपुर

सूचना भागीदारी फर्म मैसर्स आर.पी. गोयल रजि. पता 103/62, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) में पूर्व में 5 (संख्या) भागीदार है, जिनमें 1. पुष्पलता गोयल, 2. रेखा गोयल, 3. स्वाति गोयल, 4. रजत सिंघल, 5. प्रयास गोयल (नाम) है, इनमें से क्रम सं. 01 पर अंकित भागीदार पुष्पलता गोयल एवं क्रम सं. 04 पर पर अंकित भागीदार रजत सिंघल दिनांक 01.11.2024 से सेवानिवृत्त (रिटायर्ड) हुए है तथा श्री निर्मल गोयल दिनांक 01. 11.2024 से नये भागीदार के रूप में उक्त फर्म से जुड़े है। वर्तमान में फर्म में 4 (संख्या) भागीदार (1) रेखा गोयल, (2) स्वाति गोयल, (3) प्रयास गोयल एवं (4) निर्मल गोयल है। यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर शहर में सात दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर सकते है।
ओर से प्रयास गोयल (वर्तमान भागीदार)
मै. आर.पी. गोयल, 103/62, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर
For M/s R.P.Goyal, Partner

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश कम-6, जयपुर महानगर द्वितीय
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरुद्ध पवन कुमार सैनी वगै.
वाद -बाबत वसुली वाद सं. 393/11
बनाम 1) पवन कुमार सैनी पुत्र सुवा लाल सैनी
पता:-UU-66 कैलगिरी मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर
वादी ने आपके विरूद्ध वाद बाबत वसूली के लिये वाद पंजियत किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 28 माह 11 सन् 2024 को दिन में 10.30 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सकें। आपको यह निदेश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे एव दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो को लिखित कथन के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह आज दिनांक 22 माह 11 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश कम-6, जयपुर महानगर द्वितीय

कार्यालय उपायुक्त, (विद्याधर जोन), नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(अम्बाबाड़ी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाड़ी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक: एफ-55 (1)/वि.जोन/न.नि.ज (प्रे)/2024/2074 दिनांक: 22.11.2024
सार्वजनिक सूचना:
भूखण्ड सं. 205, श्यामपुरी, झोटवाड़ा, जयपुर (छत्रपति शिवाजी गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री उमराव सिंह मीणा पुत्र श्री बदरीराम मीणा के पक्ष में क्षेत्रफल 254 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। मूल आवंटी की मृत्यु उपरांत पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्री हरफूल सिंह लाम्बा पुत्र श्री ईश्वर सिंह लाम्बा ने मूल भूखण्ड सं. 205, श्यामपुरी, झोटवाड़ा, जयपुर (छत्रपति शिवाजी गृह निर्माण सहकारी समिति) के उत्तरी भाग जिसका क्षेत्रफल 127.28 वर्गगज का उप-विभाजन चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के उप-विभाजन बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार उप-विभाजन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त- विद्याधर नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

खोया पाया

मेरे प्लॉट संख्या पी-55, एनआरआई कॉलोनी, प्रतापनगर सांगानेर, जयपुर की मूल पत्रावली कहीं गुम हो गयी है जिसमें अलॉटमेंट लेटर कब्जा पत्र भौतिक कब्जा पत्र अदेय प्रमाण पत्र जमा रसीदे थी, मिलने पर सूचित करें। मो.9950152424

आवास संख्या 117/273 मानसरोवर जयपुर का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। पदम मो. 9414893625

मेरा प्लाट संख्या 2/96 एस.एफ.एस. मानसरोवर, जयपुर का मूल Handing Over Possession Of house in seven days Letter कहीं खो गये है मिलने पर सूचित करें धनेश कुमार बावेजा-8340515161

मेरा मकान सं. 85/713 प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर संपर्क करें-अनिता माथुर-9314179942

मेरा प्लाट सं. 38/250 रजत पथ, मानसरोवर, जयपुर का मूल अलोटमेंट, पजेशन लेटर, अदेय प्रमाण पत्र, लीजडीड व रजिस्ट्री पेपर कहीं खो गये है मिलने पर सूचित करें मणि बाला तलवार-9509950223

द राजहंस कॉपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी लिमिटेड द्वारा जारी प्लॉट संया 25, ओम शिव नगर कानोता का मूल आवंटन पत्र साइट प्लाटन, रसीद कहीं खो गये है मिलने पर सूचित करें राकेश कुमार मीणा पुत्र मनोहर लाल मीणा-9772910888

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम मोहम्मद शाहिद (Mohammed Shahid) से बदलकर मोहम्मद शाहिद कुरैशी (Mohammed Shahid Qureshi) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम मोहम्मद शाहिद कुरैशी (Mohammed Shahid Qureshi) पुत्र श्री मोहम्मद आसिफ के नाम से जाना पहचाना जावें। निवासी- बी-6, पुष्पा मार्ग, कृष्णा कॉलोनी, न्यू रामगढ मोड, जयपुर राज.

मैं स्नेहा हिरावत पुत्री राजेश कुमार हिरावत निवासी फ्लैट ए-201, जय विलास रॉयल अपार्टमेंट, हरमाडा जयपुर मेरा नाम स्कूल सम्बन्धित दस्तावेजों में स्नेहा हिरावत आर तथा अन्य दस्तावेजों में स्नेहा हिरावत है। मैंने अपना नाम भविष्य हेतु स्नेहा हिरावत आर से स्नेहा हिरावत रख लिया है।

मैंने मेरा नाम रोशन देवी धर्मपत्नी स्व. श्री सुल्तान सिंह निवासी ग्राम पोस्ट जुराठडा, तहसील व जिला सीकर-332402 से बदलकर रोशन कंवर रख लिया है। शपथपत्र सं. 660 दिनांक 20.11.2024

मेरा नं. 5013825Rfn धर्मेन्द्र कुमार लील, असम राइफल के रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम गलती से राजेश देवी और जन्म तिथि 04.07.1987 हो गई है। जो कि गलत है। मेरी पत्नी का नाम कुमारी राजेश है और जन्मतिथि 12.02.1992 है जो सही और दस्तावेजों में भी यही है।

I have changed my name from Rajeshvri Parwal to Rajeshwari Parwal for all purpose.R/o 3 Sharda colony gali no-12 Gandhi path queens road Jaipur.(Raj.)

I Have Changed My Name Vijay Singh to Vijay Singh Pal